नकली घी के कारोबार पर क्राइम ब्रांच का छापा, तीन गिरफ्तार

दो फर्मों से 22,138 लीटर घी जब्त, इसकी बाजार कीमत 1.60 करोड़ रुपए है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। दीपावली से पहले आमजन की सेहत से खिलवाड़ कर बाजार में नकली और मिलावटी घी खपाने के कारोबार का सीआईडी क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है। श्रीगंगानगर में दो अलग-अलग फर्मों पर छापेमारी कर पुलिस ने कुल 22,138 लीटर नकली एवं संदिग्ध घी जब्त किया है। इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.60 करोड़ रुपए बताई गई है। कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ नकली घी की बिक्री से प्राप्त 3.50 लाख रुपए और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गुजरात के सूरत से पाम ऑयल और वनस्पति मंगवाकर उसमें रसायन मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। इसके अलावा एक्सपायरी घी के पुराने रैपर हटाकर नए स्टीकर और पैकिंग लगाई जाती थी। इसके बाद इसे शुद्ध देशी गाय का घी बताकर कम दामों में बाजार में बेचा जा रहा था।



सीआईडी क्राइम ब्रांच ने श्रीगंगानगर में दो अलग-अलग फर्मों पर छापेमारी कर नकली घी बनाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस जांच में सामने आया कि, सूरत से पाम ऑयल और वनस्पति मंगवाकर उसमें रसायन मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। एक्सपायरी घी के पुराने रैपर हटाकर भी नए स्टीकर और पैकिंग लगाई जाती थी।
- क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के कब्जे से बिक्री के 3.50 लाख रुपए भी जब्त किए

अनन्या ट्रेडिंग कम्पनी से 16394 लीटर घी बरामद

प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में कार्रवाई की गई। महानिरीक्षक के.बी. वंदना और उपमहानिरीक्षक प्रहलाद कृष्णियां के सुपरविजन में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम ने आसूचना जुटाई। हेड कांस्टेबल बृजेश शर्मा को सूचना मिली थी कि श्रीगंगानगर में नकली घी तैयार कर विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई किया जा रहा है।

सूचना के सत्यापन के बाद सीआईडी क्राइम ब्रांच ने श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव और पुलिस उपाधीक्षक नितिन चौधरी से समन्वय कर सदर थाना पुलिस, जिला विशेष टीम और खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की।

पहली छापेमारी चौधरी कॉम्पलेक्स स्थित अनन्या ट्रेडिंग कम्पनी के गोदाम और फैक्ट्री पर की गई। यहां राम तायल (26), मुकेश कुमार (24), निवासी जवाहर नगर और विकास कुमार (42), निवासी लालगढ़ जाटान मिले।

पूछताछ में राम तायल ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से कम्पनी संचालित है और करीब छह महीने से गोदाम किराये पर लेकर कारोबार किया जा रहा था।

चार ब्रांड के नाम से हो रही थी पैकिंग

गोदाम में त्रिसल्वा, बांसुरी, श्रीनंद और मायरा ब्रांड के नाम से पैक घी के टीन और कार्टन मिले। इनके अलावा बिना लेबल वाले टीन और एक्सपायरी घी भी बरामद हुआ। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर नमूने लिए। बरामद घी में त्रिसल्वा ब्रांड के 3,558 लीटर, बांसुरी के 6275 लीटर, श्रीनंद के 5586 लीटर और मायरा के 90 लीटर घी के साथ बिना लेबल वाले 390 लीटर तथा एक्सपायरी बांसुरी ब्रांड के 495 लीटर घी शामिल हैं।

इस तरह यहां से कुल 16,394 लीटर घी जब्त किया गया। पैकिंग पर निर्माण तिथि 1 नवम्बर 2026 और समाप्ति तिथि 31 जुलाई 2027 अंकित थी।

गोदाम में पैकिंग मशीन, गैस भट्टी, सिलेंडर, करीब 60 से 70 लीटर क्षमता का बर्तन, विभिन्न ब्रांड के रैपर, स्टीकर, खाली कार्टन और डिब्बे भी मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डीलरों से लौटने वाले खराब और एक्सपायरी माल के पुराने रैपर हटाकर नए स्टीकर व रैपर लगाए जाते थे। इसके बाद माल को दोबारा बाजार में भेज दिया जाता था।

सूरत से मंगवाते थे पाम ऑयल और वनस्पति

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि राम तायल गुजरात की देवकुंज मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से पाम ऑयल और वनस्पति मंगवाता था। कम्पनी के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों से मोबाइल के जरिए संपर्क किया जाता था।

माल की खरीद कुछ बिल के जरिए और कुछ बिना बिल के होने की बात भी सामने आई है। तैयार माल की सप्लाई श्रीगंगानगर के डीलर मुकेश कुमार डालमिया की जे.बी. ट्रेडिंग कम्पनी सहित अन्य डीलरों को की जाती थी। राम तायल और मुकेश कुमार ने सप्लाई एवं विपणन के लिए विकास कुमार को भी साथ रखा था, जिसे प्रति लीटर कमीशन दिया जाता था।

पुलिस ने राम तायल के कब्जे से घी की बिक्री के 3.50 लाख रुपए बरामद किए। तीनों आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन जब्त किए गए। गोदाम में रखे घी की बड़ी मात्रा को देखते हुए उसे मौके पर सुरक्षित रखकर शटर पर ताला लगाकर सील कर दिया गया। वहां खड़ी मारुति वैन को भी घी के परिवहन में इस्तेमाल किया जाना बताया गया है।

न्यू विजय ट्रेडिंग कम्पनी से 5744 लीटर संदिग्ध घी जब्त

दूसरी कार्रवाई सूरतगढ़ बाईपास स्थित न्यू विजय ट्रेडिंग कम्पनी पर की गई। यहां से 5,744 लीटर संदिग्ध घी बरामद हुआ। खाद्य सुरक्षा विभाग ने घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों फर्मों से जब्त घी की कुल मात्रा 22,138 लीटर है।

अन्य गोदामों और फर्मों पर भी जांच

कार्रवाई में सीआईडी क्राइम ब्रांच के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण गोपाल और बृजेश कुमार शर्मा की विशेष भूमिका रही।

स्थानीय पुलिस की ओर से सदर थानाधिकारी सुभाष चन्द्र, उपनिरीक्षक रामपाल, हेड कांस्टेबल मनफूल और कांस्टेबल कैलाशचन्द्र शामिल रहे। जिला विशेष टीम के उपनिरीक्षक जयकुमार भादू, सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र जियानी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी सहयोग किया। सीआईडी क्राइम ब्रांच के अनुसार मामले में अन्य गोदामों और फर्मों पर भी कार्रवाई जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नकली और संदिग्ध घी की सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में की गई और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोग कौन हैं।

साइक्लोथॉन से दिया स्वच्छ और हरित राजस्थान का संदेश

जयपुर। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर में 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' के शुभारंभ पर 'साइक्लोथॉन फॉर ऑल' का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण विभाग और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, साइकिल प्रेमियों और पर्यावरण जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने दिखाई हरी झंडी
- पर्यावरण विभाग की सचिव शैलजा देवल ने प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण-पत्र

मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, पर्यावरण विभाग की सचिव शैलजा देवल और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। साइकिल चलाना केवल परिवहन का विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ वायु और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर ऊर्जा संरक्षण और प्रदूषण कम करने में योगदान दिया जा सकता है। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी और व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। प्रत्येक नागरिक को प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अपनी दिनचर्या में पर्यावरण अनुकूल आदतें शामिल करनी चाहिए।पर्यावरण विभाग की सचिव शैलजा देवल ने कहा कि साइकिल जैसे सरल विकल्प वायु प्रदूषण कम करने के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक हैं। विभिन्न आयु वर्गों की भागीदारी पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जनचेतना का प्रमाण है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस आयोजन का संदेश दैनिक जीवन में अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आव्हान किया। साइक्लोथॉन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल परिसर से शुरू होकर मालवीय नगर स्थित एपेक्स सर्किल होते हुए नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे मुख्यालय तक आयोजित हुई। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर स्वच्छ, हरित और स्वस्थ राजस्थान का संदेश दिया।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद भी साईकिल चलाई।

जयपुर डेयरी बेचेगी 100 टन मिठाइयां

जयपुर। दीपावली पर मिठाइयों की मांग को देखते हुए जयपुर डेयरी ने इस बार 100 टन मिठाइयों की बिक्री का लक्ष्य रखा है। पिछले साल डेयरी ने 33 टन मिठाइयां बेची थीं। इस बार उपभोक्ताओं के लिए सरस घी से तैयार काजू कतली और बूंदी के लड्डू भी बाजार में उतारे गए हैं। ये मिठाइयां शहर के प्रमुख सरस बूथों और पार्लरों पर उपलब्ध रहेंगी। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर शुद्ध और गुणवत्तायुक्त मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष रेंज तैयार की गई है।

लोकतंत्र की हत्यारी कांग्रेस अब लोकतंत्र बचाने की नौटंकी कर रही : चतुर्वेदी

जयपुर (कासं)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस की दिल्ली रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र बचाने की नौटंकी कर रही है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है और वह निराशाजनक माहौल बनाने के लिए बेबुनियाद मुद्दे खड़े कर रही है।

चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी 2024 के चुनावों को अवैध बताकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहे हैं, जबकि ज्ञानेश कुमार 2025 में मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे। राहुल गांधी स्वयं 2024 के चुनाव के आधार पर नेता प्रतिपक्ष बने हैं। यदि चुनाव अवैध हैं तो राहुल गांधी और उनके साथी सांसद भी इसी आधार पर अवैध रूप से सांसद बने हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि एसआईआर के बाद जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनी हैं, क्या वे भी इस्तीफा देंगी?उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाली कांग्रेस को पहले अपने इतिहास का जवाब देना चाहिए। आपातकाल लगाकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी सहित विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया और प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई।

शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता से सशक्त हो रहा कायमखानी समाज: मुख्यमंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में हर समाज की भागीदारी जरूरी है। युवा सोच, वरिष्ठजनों का अनुभव और मातृशक्ति की सहभागिता विकास की नई राह प्रशस्त कर सकती है। बेटियों की शिक्षा और सशक्तीकरण से परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव मजबूत होती है। मुख्यमंत्री रविवार को कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से सामाजिक कुरीतियां दूर करने और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करने का आव्हान किया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

गांवों में बन रहे अटल ज्ञान केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को पुस्तकालय, ई-पुस्तकालय, ई-मित्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधाएं गांवों में ही उपलब्ध कराने के लिए अटल ज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रही है और युवा मेहनत से अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने बताया कि छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का भोजन भत्ता 2500 से बढ़ाकर 3250 रुपये प्रतिमाह किया गया है। करीब 26 हजार से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को 17 करोड़ 16 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 4786 अभ्यर्थियों को कोचिंग सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं।

शेखावाटी को मिलेगा यमुना जल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल उपलब्धता के लिए 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कार्य हाथ में लिए गए हैं। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल और किशाऊ समझौते को धरातल पर उतारा जा रहा है। शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण के साथ उन्हें पर्यटन से जोड़ा जाएगा। प्रदेश के 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में से 3 शेखावाटी क्षेत्र से जुड़ेंगे। क्षेत्र में हवाई संपर्क सुविधा विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

पूर्व सैनिकों और युवाओं का हित

मुख्यमंत्री ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के गैर-पेंशनर सैनिकों की आर्थिक सहायता 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है, जिससे 891 परिवार लाभान्वित हुए हैं। 450 से अधिक आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई है तथा वीरांगनाओं को 1 हजार बीघा से अधिक कृषि भूमि और फ्लैट आवंटित किए गए हैं। सैनिकों के मानदेय में लगातार दो वर्षों तक 10-10 प्रतिशत वृद्धि की गई है। नए जिलों में सैनिक कल्याण कार्यालय खोलने के साथ 400 से अधिक शिविरों में पेंशन संबंधी प्रकरणों का समाधान किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकार ने 410 से अधिक भर्ती परीक्षाएं बिना पेपर लीक के आयोजित करवाई हैं। इनके माध्यम से 1 लाख 93 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1 लाख 18 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। 3 लाख 70 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। छात्राओं को 13 लाख 85 हजार साइकिलें और 46 हजार स्कूटियां वितरित की गई हैं।

- युवाओं के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार : भजनलाल शर्मा
- मुख्यमंत्री ने कहा कि "शेखावाटी की हवेलियों का संरक्षण होगा और क्षेत्र में यमुना का पानी आएगा"

किसान-महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपये के साथ राज्य सरकार 3 हजार रुपये अतिरिक्त दे रही है। इस तरह किसानों को सालाना 9 हजार रुपये मिल रहे हैं। अब तक 76 लाख से अधिक किसानों को 15 हजार 735 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई है। किसानों को तारबंदी, डिग्गी निर्माण, पीएम-कुसुम और ग्रीन हाउस के लिए अनुदान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाकर 1,450 रुपये प्रतिमाह की गई है। मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए 5 लाख 74 हजार नि:शुल्क सोनोग्राफी कूपन जारी किए गए हैं। लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिका के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का बचत बॉण्ड दिया जा रहा है। प्रदेश में 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है।

त्योहारों पर जयपुर जंक्शन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जयपुर। त्योहारों के दौरान जयपुर जंक्शन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए हैं। स्टेशन पर रोलिंग क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया जा रहा है। इसके तहत यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है, जहां से यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश दिया जाएगा।

यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए जयपुर स्टेशन के नवनिर्मित द्वितीय द्वार (हसनपुरा साइड) पर तैयार निकास मार्ग को 4 से 16 नवंबर तक अस्थायी रूप से केवल यात्रियों के बाहर निकलने के लिए संचालित किया जाएगा। इस व्यवस्था से मुख्य द्वार पर निकास का दबाव कम होगा और स्टेशन परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। हालांकि, द्वितीय द्वार के भवन में शेष कार्य जारी होने के कारण फिलहाल यहां से यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यात्री प्रवेश के लिए भगवान परशुराम सर्किल की ओर स्थित मुख्य द्वार का ही उपयोग कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जयपुर स्टेशन के द्वितीय द्वार का पुनर्विकास कार्य अंतिम चरण में है। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कंट्रोल रूम से स्टेशन परिसर पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। वहीं, स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रियों की आवाजाही और भीड़ की स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

खोया पाया

मेरे मकान संख्या 70/99 प्रताप नगर सांगानेर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, परिपचुअल लीज, कन्वेन्स डीड, मुख्त्यारनामा, विक्रय पत्र खो गया है किसी को मिले तो सूचित करें। सुनील पारीक

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जरीना बेगम पत्नी सुल्तान खां, निवासी वार्ड नं. 17, मोहल्ला नागोरियान, चाकसू, जिला जयपुर, ने पंचवटी स्कीम, चाकसू स्थित प्लॉट नं. 78/140 श्रीमती सुशीला देवी मित्तल पत्नी रमेश मित्तल से खरीदा था। उक्त प्लॉट की मूल रसीद चाकसू बस स्टैंड के आसपास कहीं गुम हो गई है। मिलने पर कृपया सूचित करें। मो.: 98299 35616, निवेदकः जरीना बेगम

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाबा आर.एन. गौड सहकारी समिति लि. जयपुर की आवासीय योजना सुदर्शन रॉयल सिटी, चंदलाई, जयपुर में भूखण्ड संख्या 15 जिसका क्षेत्रफल 75 वर्गगज जो कि लक्ष्मीकांत वैष्णव पुत्र किशन चन्द वैष्णव को दिनांक 23.5.98 को आवंटित किया गया था। जिसके मूल आवंटन पत्र व अन्य कागजात जो दिनांक 10.8.2026 को शिवदसपुरा से बीलवा के बीच कहीं गुम हो गये है। जिसकी पुलिस रिपोर्ट 7.10.2026 को दर्ज करवा दी है। मैने उक्त प्लाट के डूप्लीकेट आवंटन पत्र लेने हेतु समिति में आवेदन किया है। उक्त बाबत किसी व्यक्ति/संस्था एवं बैंक या हितकारी को काई आपत्ति हो तो उक्त नम्बर पर 7 दिन के भीतर सूचित करे अन्यथा समिति द्वारा सदस्य को डूप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिये जावेंगे।
रोहित शर्मा मो. 9145878181

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा आम जनता सम्बन्धियो को सूचित किया जाता है कि हम डालचन्द वर्मा (आधार नं. 230845192445) पुत्र पूरन सिंह एवं गीता यादव (आधार नं. 650922421051) पत्नी डालचन्द दोनों पति-पत्नी निवासी 18 कटेवा नगर न्यू सांगानेर रोड गुर्जर की थडी जयपुर राजस्थान-302019 अपनी मर्जी स्वस्थ्य मस्तिष्क और बिना किसी दबाव के अपने पुत्र हिमांशु सिंह (आधार नं. 865463986164) और पुत्र वधु हिना कुमारी (आधार नं. 313557612523) को अपने सभी प्रकार के पारिवारिक सामाजिक और उत्तराधिकार सम्बन्धों से निष्काषित बेदखल करते हैं। हिमांशु सिंह पुत्र डालचन्द एवं हिना कुमारी पत्नी हिमांशु सिंह दोनों पति-पत्नी निवासी 18 कटेवा नगर न्यू सांगानेर रोड गुर्जर की थडी जयपुर राजस्थान हमारे पुत्र और पुत्र वधु के व्यवहार आचरण और पारिवारिक जीवन शैली से हमारा भारी मतभेद है तथा उनका रवैया हमारे प्रति बेहद प्रताडित करने वाला है। अतः आज के बाद हमसे और हमारे परिवार या हमारी किसी भी चल-अचल सम्पत्ति से उक्त पुत्र हिमांशु सिंह एवं पुत्र वधु हिना कुमारी का कोई लेना देना नहीं है। वे हमारी किसी भी स्व-अर्जित सम्पत्ति मकान, दुकान, बैंक बैलेंस आदि के हकदार नहीं होंगे। यदि इनके द्वारा हमारे नाम की किसी सम्पत्ति पर कब्जा करने का प्रयास किया जाता है या हमारे जीवनकाल अथवा हमारे पश्चात कोई दावा किया जाता है तो वह शून्य अमान्य माना जायेगा। भविष्य में यदि उपर्युक्त पुत्र एवं पुत्र वधु हमारे नाम पर या हमारे परिवार के साथ कोई वित्तीय लेन देन करते हैं तो उसके लिए हम, हमारा परिवार या हमारी सम्पत्ति उत्तरदायी नहीं होगी।
दिनांक 30.10.2026 डालचन्द पुत्र पूरन सिंह
स्थान- जयपुर गीता यादव पत्नी डालचन्द
मो.न. 9828654052, 9784702952

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीखी बहस, सियासी सवाल और राष्ट्रवाद के मुद्दों के बीच संपन्न हुआ तीन दिवसीय "जयपुर डायलॉग"

जयपुर। राष्ट्रवाद, भारतीय सभ्यता, हिंदुत्व, राजनीति और देश के भविष्य से जुड़े तीखे सवालों और विचारोत्तेजक चर्चाओं के बीच तीन दिवसीय "द जयपुर डायलॉग समिट-2026" रविवार को संपन्न हो गया। समिट में राइजिंग इंडिया, नैरेटिव वार, भारतीय संस्कृति, सभ्यतागत इतिहास, आगामी दशक में भारत की दिशा, विपक्ष की भूमिका, चुनाव आयोग, आरक्षण और आत्मनिर्भर रक्षा जैसे विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। विभिन्न सत्रों में राजनीतिक नेतृत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक विमर्श और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे।



राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने जयपुर डॉयलाग समिट में रविवार को पूर्व आईएएस संजय दीक्षित की पुस्तक "काफिर गाइड टू सूफिज्म" का विमोचन किया।

- भारत के भविष्य, हिंदुत्व, विपक्ष, चुनाव आयोग, घुसपैठ और आत्मनिर्भर रक्षा पर वक्ताओं ने रखे विचार

अगले दशक में भारत को कौन देगा दिशा

मुख्य सभागार के पहले सत्र में "अगले दशक में भारत को कौन नई दिशा देगा" विषय पर तहसीन पूनावाला, हर्षवर्धन त्रिपाठी, गणेश भाऊ तोरसेकर, शिवम त्यागी और हर्ष कुमार ने चर्चा की। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास की समान अवधारणा और मजबूत विपक्ष की आवश्यकता पर विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार गणेश भाऊ तोरसेकर ने कहा कि देश को अगले दशक की दिशा और भविष्य पर गंभीरता से विचार करना होगा।

सत्ता की चाह के बजाय मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने की तैयारी होनी चाहिए। जनता का विश्वास बढ़ने के साथ सरकार की जिम्मेदारी और अपेक्षाएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने नक्सलवाद के बाद ड्रग मुक्त भारत को प्राथमिकता बनाने की बात कही। तहसीन पूनावाला ने महंगाई सहित विभिन्न मुद्दों पर सवाल उठाए। सत्र का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया।

हिंदू सभ्यता और इतिहास के पुनर्लेखन पर चर्चा

"सभ्यतागत भारत : क्या हमें अपने हिंदुत्व का परिचय देना होगा" सत्र में आशीष भारतवंशी, कार्तिक गौर, ओमेंद्र रत्नू, हरविंदर सिक्का और पंडित सतीश शर्मा ने विचार रखे। वक्ताओं ने भारतीय सांस्कृतिक पहचान, भगवान राम, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी के इतिहास को समझने की आवश्यकता बताई। ओमेंद्र रत्नू ने हिंदू इतिहास के पुनर्लेखन और पाकिस्तान-बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। हरविंदर सिक्का ने हलाल प्रमाणन, धार्मिक संगठनों की भूमिका और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सवाल रखे।

"भारत की म्लेच्छ समस्या" सत्र में वक्ताओं ने इतिहास, सांस्कृतिक पहचान, यूरोप में बदलती परिस्थितियों और इस्लामी आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बाबा रामदास सहित अन्य वक्ताओं ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सजगता और सक्रियता की जरूरत बताई। सत्र का संचालन प्रखर श्रीवास्तव ने किया।

विपक्ष और 2029 के चुनाव पर सियासी विमर्श

विशेष सत्र में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी और जयपुर डायलॉग के अध्यक्ष संजय दीक्षित ने भारतीय राजनीति में विपक्ष की भूमिका पर तीखे सवाल-जवाब किए।"राहुल गांधी पीएम 2029?" सत्र में अनुपम मिश्रा, शांतनु गुप्ता और एकलव्य सिंह ने उत्तर प्रदेश की राजनीति, राहुल गांधी, अखिलेश यादव और भाजपा की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री आवास, हर घर शौचालय और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने राजनीति और मतदाताओं की प्राथमिकताओं को प्रभावित किया है।"क्या चुनाव आयोग समझौता कर चुका है? एसआईआर और फर्जी मतदाताओं की जनसांख्यिकी" सत्र में पंकज बिस्वास, धीरेंद्र पुंडीर, अशोक श्रीवास्तव, ओमकार चौधरी और अभिषेक तिवारी ने मतदाता सूची, घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव के मुद्दे उठाए। वक्ताओं ने असम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई का उल्लेख किया। पश्चिम बंगाल में धार्मिक आयोजनों से जुड़े विवादों और रामलीला मैदान में विपक्ष के प्रदर्शन के कारण दीपावली व्यापार प्रभावित होने का मुद्दा भी उठाया। वक्ताओं के अनुसार, इससे करीब ढाई लाख दुकानें बंद रहीं और 10 हजार करोड़ रुपये का व्यापार प्रभावित हुआ।

आत्मनिर्भर रक्षा और आरक्षण पर भी बहस

"ब्रह्मोस टू ड्रोन : आत्मनिर्भर डिफेंस" सत्र में मेजर जनरल राजीव नारायणन, मेजर समरपाल सिंह तूर, ब्रिगेडियर पांडे और अजय कुमार रैना ने भारतीय रक्षा क्षमता, ब्रह्मोस मिसाइल और ड्रोन तकनीक पर चर्चा की। वक्ताओं ने ब्रह्मोस को दुनिया की बेहतरीन मिसाइलों में शामिल बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव और नागरिकों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।